# सैनी समाज के चुनाव सम्पन्न पीडी सैनी बने अध्यक्ष

**मॉर्निंग न्यूज @ राजगढ (अलवर)।** सैनी समाज राजगढ़ के चुनाव रविवार को सैनी धर्मशाला में निर्वाचन अधिकारी डॉ कैलाश सैनी व रामजीलाल लखपति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए। सैनी समाज राजगढ़ के एडवोकेट जितेंद्र सैनी ने बताया कि सैनी समाज के चुनावों में चारों



पंचायतों के सैनी समाज के लोग शामिल हुए जिसमें सर्वसम्मति से सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता पी ड़ी सैनी को सर्वसम्मति से सैनी समाज राजगढ़ का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। चुनाव में राजगढ़ सैनी समाज के मोहनलाल सैनी, राजेश सैनी, जितेंद्र सैनी, हजारीलाल सैनी, जगदीश सैनी, रुपनारायण सैनी, संतोष सैनी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# 'सेवा दिवस' के रूप में मनाया पुण्यतिथि समारोह

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** श्री श्री 1008 महात्मा मोहनदास उर्फ सेवादास जी के शिष्य महात्मा लक्ष्णमदासजी महाराज का द्वितीय पुण्यतिथि समारोह रविवार को 'सेवा दिवस' के रूप में मनाया गया। महन्त भगवान दास ने बताया कि सेवा दिवस की विधिवत शुरूआत संयुक्त व्यापारी महासंघ महामंत्री रामलाल सैनी (नन्दा स्वीट्स) ने प्रातः 9 बजे पुराना भूरासिद्ध स्थित उनके समाधी स्थल पर पुष्पांजलि, माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। तत्पश्चात प्रातः 10 बजे बस स्टैण्ड रोड़ स्थित मोहिना बाबा की प्याऊ पर प्रसाद वितरण एवं भीषण गर्मी में राहगीरों एवं आमजन को ठण्डी शर्बत का वितरण किया गया। इस अवसर महात्मा मोहनदास महाराज मन्दिर को भव्य व सुन्दर ढंग से सजाते हुए भजन मण्डली पार्टी द्वारा 'सदगुरू तेरा सहारा, बाबा तेरे द्वार' सहित विभिन्न भजनों की मनमोहक प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सामाजिक प्रतिनिधियों ने महात्मा जी के किये गये कार्यो के पदचिन्हों पर चलने का जौर दिया। इस अवसर पर अलवर जिला सैनी महासभा जिलाध्यक्ष पूरणमल सैनी, सैनी समाज सामुहिक विवाह समिति अध्यक्ष प्रताप सैनी, संयुक्त व्यापारी महासंघ महामंत्री रामलाल सैनी, अलवर फलसब्जी मण्डी आढती युनियन अध्यक्ष कैलाश सैनी, पूर्व नगर परिषद चेयरमैन योगेश सैनी, महात्मा मोहनदास सेवा समिति पूर्व अध्यक्ष खन्ना सैनी, पूर्व अध्यक्ष रामरतन सैनी, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जितेन्द्र खुराडिया, अलवर जिला एथलेटिक संघ अध्यक्ष कैप्टन उमराव लाल सैनी, सैनी महासभा संयोजक रोशनलाल सैनी, पंकज सैनी आढतिया, भारतभूषण सैनी, दौलतराम सैनी, किशनलाल सैनी, विनोद सैनी, सैनी महासभा पूर्व उपाध्यक्ष भगवत बाल्याण, दीपक सैनी (दिपू) हरिराम झारिया, बाबूलाल सैनी, रामगोपाल सैनी सहित सैकड़ों की संख्या में बाबा के भक्त एवं सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

# प्रतिभा खोज परीक्षा में 576 बच्चों ने लिया भाग

**मॉर्निंग न्यूज @ राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के कोठी नारायणपुर बाईपास स्थित राव एज्युकेशन एकेडमी में रविवार को प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 576 बच्चों ने भाग लिया। राव शिक्षा समिति की सचिव डॉ सवित्रा यादव ने बताया कि इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य एससी, एसटी व एमबीसी के छात्रों की प्रतिभा खोज कर उन्हें विशेष छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा जो माध्यमिक शिक्षा निदेशालय



बीकानेर आयोजित करवाता है। उसमें ज्यादा से ज्यादा बच्चों का चयन करवाना है। डॉ यादव ने बताया कि इसके लिए राजस्थान में 1500 सीट है। जिसमें 500 एससी, 500 एसटी तथा 300 टाडा व शेष 200 एसटी की सीट है तथा 500 सीट एमबीसी की सीट आरक्षित हैं। इन सीटों में से 600 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। 23 अप्रैल को आकाश इंस्टीट्यूट नारायण विहार राजगढ़ में विशेष छात्रवृत्ति प्री. परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह व एकेडमी में बने सेमिनार हॉल का उद्घाटन किया जाएगा।

# शोभायात्रा के पोस्टर का विमोचन

**मॉर्निंग न्यूज @ चाकसू।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर 29 अप्रैल को सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में मनाए जाने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन की सफल क्रियान्विति के लिए यहां नीलकंठ महादेव हनुमान मंदिर पर समाज के लोगों की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। 29 अप्रैल मंगलवार को सवेरे नीलकंठ महादेव मंदिर से महिलाओं द्वारा मंगल कलश यात्रा के साथ भगवान परशुराम के विशाल चित्र के साथ शौभायात्रा का शुभारंभ होगा। इसमें आकर्षक झांकियां बैंड-बाजा की साथ होगा। शोभायात्रा विद्वानों एवं समाज के वरिष्ठ लोगों के सानिध्य में मंदिर से कोटखावदा चौराहे आम्बेडकर सर्किल इंदिरा बाजार पुरानी अनाज मंडी मुख्य बाजार तहसील चौराहे सब्जी मंडी होते हुए अस्पताल रोड होते हुए महर्षि गौतम बगीची पहुंचेगी।



समापन पर सामुहिक आरती एवं अल्पाहार की व्यवस्था रहेगी।

अधिक से अधिक महिलाओं पुरुषों एवं युवकों से कार्यक्रम में भागीदारी निभाने के लिए आग्रह किया गया है। मार्ग में स्वागत द्वार ठंडा पानी एवं शर्बत की व्यवस्था श्रद्धालुओं द्वारा की जा रही है। इस अवसर पर उपस्थित सभी समाज बंधुओं ने शौभायात्रा के पोस्टर का विमोचन किया। बैठक में पूर्व पार्षद केदार शर्मा, पार्षद दिनेश शर्मा, पोस्टमेंन दिनेश शर्मा, शिक्षक नेता रामावतार शर्मा, राजेंद्र गोस्वामी, गौसेवक महेश शर्मा ढूसरी, पूर्व पार्षद के बीच शर्मा, केशव गौतम, सुनील भातरा, नीरज शर्मा, सुनील तिवाड़ी, पंडित छीतरमल शर्मा, उमेश तिवारी, महेश शर्मा, रामराज शर्मा, गिर्राज, बंटी, शंकर जोशी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम के सफलता के लिए सभी का सहयोग लेते हुए संकल्प लिया।

# ईडी के बयान पर जाटव ने की प्रतिक्रिया व्यक्त

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के ईडी के बयान पर भाजपा नेता जयराम जाटव ने की प्रतिक्रिया व्यक्त की है । कुछ दिन पहले धरने के दौरान प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए टीकाराम जूली ने बयान दिया था कि ई डी उनके घर भी पहुंच सकती है छापा मार सकती है । भाजपा की ईं डी कांग्रेस नेताओं को परेशान कर रही है टारगेट कर रही है बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है । इस बयान पर भाजपा नेता जयराम जाटव ने कहा है कि टीकाराम जूली ने कांग्रेस शासन में अच्छा पैसा बनाया था और इनकम से ज्यादा संपत्ति अर्जित की है । इसलिए चोर की दाढ़ी में तिनका दिखाई दे रहा है इसके अलावा उन्होंने बताया कि टीकाराम जूली ने स्वयं ही ईडी को आमंत्रित किया है। इसलिए हो सकता है की टीकाराम जूली के घर पर भी ई डी आने वाले समय में छापा मार के कार्रवाई कर सकती है । इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है उन्होंने बताया कि कांग्रेस के समय भ्रष्टाचार हुआ था और कांग्रेस के जाकर मंत्री विधायकों ने जमकर लूट खसोट की थी और उसी का परिणाम है कि कांग्रेस के पूर्व मंत्रियों के निवासियों और ठिकानों पर कार्रवाई हो रही है।

## महात्मा लक्ष्मणदासजी की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई

**अलवर।** रविवार को महात्मा मोहनदास उर्फ सेवादास के शिष्य महात्मा लक्ष्मणदासजी महाराज का द्वितीय पुण्यतिथि समारोह उनके समाधी स्थल भूरासिद्ध अलवर पर मनाया गई। समिति प्रचार मंत्री महेन्द्र सैनी बताया कि इस कार्यक्रम के तहत प्रातः 8 बजे भूरासिद्ध बाबा की समाधी पर पुष्पांजलि अर्पित कर सुन्दरकांड पाठ किया।

# विधायक भागचंद टांकड़ा ने किया पोस्टर का विमोचन



**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** ग्राम आभानेरी में उदकी भवन पर 9 मई से 15 मई तक आयोजित होंने वाली श्री शिवमहापुराण कथा का बांदीकुई विधायक भागचंद टाकडा ने पोस्टर विमोचन किया। कथा के मुख्य यजमान द्वारकाप्रसाद-सुनीता देवी इन्दोरिया होंगे। रामबाबू उदकी ने बताया कथा प्रवचन प्रतिदिन 2 बजे से 5 बजे तक डॉ शिवम साधक महाराज द्वारा होगा। भगवान शिव के जीवनी को अलग अलग तरह से झांकियों द्वारा प्रदशित किया जाएगा। पोस्टर विमोचन के दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, प्रमोद व्यास, केदार व्यास, रामजीलाल उदकी,राधामोहन उदकी, निरंजन जांगिड़, पंकज इन्दोरिया, विष्णु बाजरी, अनिल इन्दोरिया, राजेन्द्र गुर्जर, गोविंद सैनी, मनीष इन्दोरिया, मेवाराम मीना, लोकेश बाजारी, रूपेश बाजारी, अंकित, विशाल इन्दोरिया, आदि थे।

## मोटरसाइकिल शोरूम का किया उद्घाटन

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** जिले के मालाखेड़ा राजगढ़ रोड पर टीवीएस मोटरसाइकिल शोरूम का उद्घाटन किया गया है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली एवं पूर्व विधायक जयराम जाटव अतिथि के तौर पर शोरूम का फीता काट कर शुभारंभ किया। इस दौरान टीवीएस मोटरसाइकिल शोरूम के संचालक हर्षवर्धन सिंह खेरिया ने बताया कि टीवीएस दोपहिया वाहनों की उपलब्धता रहेगी। इसके अलावा रिपेयरिंग और सर्विस की व्यवस्था भी की गई है वहीं उचित रेट पर पाट्र्स भी मिलेंगे। इसलिए ग्राहकों के बीच में इसकी डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है मालाखेड़ा क्षेत्र में अब मालाखेड़ा में ही शोरूम खुलने से ग्राहकों को अलवर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और मालाखेड़ा कस्बे में ही सारी व्यवस्थाएं कर दी जाएगी।

# ठेकेदार संगठन के अध्यक्ष बने शिवशंकर यादव

**मॉर्निंग न्यूज @ शिवगंज।** श्रमिक सहायता एवं सन्दर्भ केंद्र के परिसर में रविवार को ठेकेदार संगठन की आमसभा की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ठेकेदार संगठन के 50 सदस्यों ने भागीदारी की गई। इस बैठक में संगठन की कार्यकरणी बनाने को लेकर चर्चा की गई। जिसमे सभी सदस्यों ने सर्व सहमति से चुनाव करना तय किया गया।

चुनाव के लिए मारवाड़ निर्माण मजदूर संगठन के अध्यक्ष, कार्यक्रम समन्वयक मुकेश योगी, एडवोकेट ललीत मेड़तिया, को चुना गया। जिन्होंने मिलकर संगठन की कार्यकरणी बनाई गई जिसमें अध्यक्ष पद के लिये शिवशंकर यादव को सभी की सहमति से चुना गया। अध्यक्ष के द्वारा फिर संगठन की कार्यकरणी का विस्तार करते हुए संगठन के उपाध्यक्ष भागीदारी खत्री, महामंत्री सुभाष चन्द्र



कुमावत, कोषाध्यक्ष, राजकुमार, सचिव कैलाश चौधरी, सहसचिव नरेंद्र कुमार, संगठन मंत्री भगीरथ गेदर, मीडिया प्रभारी सुरेश सुथार, प्रचार प्रसार इमरान भाई को सभी सहमति से चुना गया। संगठन अध्यक्ष शिवशंकर यादव ने बताया कि हम सभी को मिलकर ठेकेदारों की जो भी समस्या आ रही हैं उसको लेकर एक साथ मिलकर लड़ाई करनी होगी! हम को संगठन मजबूत करने के लिये अधिक से अधिक ठेकेदार भाइयो को जोड़ना होगा। संगठन को मजबूत बनाने पर कार्य करना होगा। संगठन महामंत्री सुभाष चंद्र ने बताया कि ठेकेदारों के भी बहुत शोषण होता हैं पर उस पर कोई बात नही करता हैं अब हम सभी साथियों को एक होकर लड़ाई करनी जिसके साथ भी शोषण होता हैं सभी को आवाज उठानी हैं।

# नए ट्यूबवेलों सहित विभिन्न कार्यों के लिए 4 करोड़ 90 लाख स्वीकृत

### पेयजल समस्या के निस्तारण के लिए उठाया कदम

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** शहर में पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्रों के आमजन की पेयजल समस्या के निराकरण हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा की अनुशंसा पर नयाबास पांचा के खेत, होपसर्कस, ग़ालिब सैयद प्रताप पलटन, हिंद पब्लिक स्कूल के पास मानसरोवर, जयप्रकाश स्कूल के आसपास स्कीम 10, कोतवाली के पास घंटाघर, सेड माता के पास इंदिरा कॉलोनी लक्ष्मी नगर देवखेड़ा, एमआईए, आदि स्थानों पर करीब 127.42 लाख राशि के 10 नए थ्री फेज ट्यूबवेल लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही शहर में लगे करीब 56 स्थानो पर लगे पुराने ट्यूबवेलों को गहरा करने हेतु करीब 211. 12 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसके साथ ही नए पंप सेटों हेतु करीब 40 लाख रुपए की राशि एवं ट्यूबवेलों के इलेक्ट्रिक पैनल हेतु 40 लाख रुपए की राशि एवं जीआई पाइपलाइन व बिजली केबल क्रय हेतु 77 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं दूसरी ओर पुरानी एवं जर्जर क्षतिग्रस्त स्थिति में स्थित चौक जाम होने वाली पाइप लाइनों के स्थान पर नई पाइपलाइन डालने हेतु करीब 73 लाख रुपए की राशि भी स्वीकृत की गई है। जिसके अंतर्गत लगभग 6500 मीटर की नई पाइप लाइन डल सकेगी। उक्त स्वीकृत कार्यो हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जयपुर द्वारा प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति भी जारी कर दी गई है।

जलदाय विभाग अलवर द्वारा उक्त स्वीकृत स्थलों पर ट्यूब वालों को लगाने व गहरा करने सहित स्वीकृत अन्य कार्यो हेतु कार्यवाई शुरू की जावेगी। पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्रों में राशि स्वीकृत करने पर वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

## युवक-युवती बायोडाटा पंजीयन शिविर आयोजित

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** श्री अग्रवाल महासभा दक्षिणी इकाई के द्वारा अग्र हेल्प डैक्स के तत्वावधान में विवाह योग युवक युवती बायोडाटा पंजीयन शिविर अग्रवाल छात्रावास में आयोजित किया गया। मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे महासभा अध्यक्ष अमित गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित कर आज के शिविर की शुरुआत की गई। शिविर में अलवर ही नहीं अपितु बाहर से भी अग्र बंधुओ ने लगभग 75 बायोडाटा जमा कराये एवं पूर्व के बायोडाटा का अवलोकन किया। शिविर में मुख्य रूप से महासभा के मंत्री सुरेश अग्रवाल गढ़वाले, उपाध्यक्ष पदम गोयल, दक्षिणी इकाई अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल, मंत्री राजीव गोयल आदि उपस्थित रहे।

# 'जो नेता संविधान को नहीं मानते वो न्यायपालिका को कहां से मानेंगे'

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर**

राजस्थान के विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के नेता संविधान को नहीं मानते हैं तो फिर न्यायपालिका को कहां से मानेंगे।

उन्होंने बताया कि भाजपा सांसद ने जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ बोला है और विवादित बयान दिया है यह भाजपा की मानसिकता को दर्शाता है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि राम मंदिर के शंकराचार्य ने कहा था कि अधूरे निर्माण कार्य होना के कारण राम मंदिर का उद्घाटन नहीं किया जा सकता इसके उलट शंकराचार्य के खिलाफ ही बोलना शुरू कर दिया। इसके अलावा राज्यपाल भी केंद्र सरकार के सारे पर काम करते हैं। राज्य सरकार के कानून को लागू नहीं करते हैं 10 साल तक राज्यपाल राज्य सरकार के कानून को लटकाए रखने हैं और हाई कोर्ट के दखल के बाद कानून बनते हैं लागू होते हैं। इसके अलावा जिस तरह से लोकसभा राज्यसभा के सभापति संसद में आचरण करते हैं यह सभी ने देखा है मोदी भक्ति में कायदे कानून को भूल जाते हैं।

निष्पक्षता को भूल जाते हैं संविधान को भी भूल जाते हैं तो भारतीय जनता पार्टी के नेता जब संविधान कोई नहीं मान रहे हैं तो सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ कुछ भी बोल सकते हैं। इसमें आश्चर्य की बात नहीं है यह भारतीय जनता पार्टी का चरित्र है जो सबके सामने आया है।

## पृष्ठ एक का शेष...

### डोटासरा...

भाजपा को वक्फ बोर्ड की संपत्ति नहीं चाहिए। वक्फ की संपत्ति से जितनी आय होनी चाहिए, उससे काफी कम बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि यह कानून ठीक बना है। मैनेजमेंट में कोई गैर मुस्लिम नहीं है। हालांकि मैनेजमेंट में कोई लापरवाही होती है, तो उसकी निगरानी के लिए दो गैर मुस्लिमों को लिया गया है। पता नहीं, उनको क्यों डर लगता है। कोई विवादित मैटर होता है तो पहले उनके स्तर पर ही सुनवाई होती थी। अब इसमें संशोधन होने के बाद सुनवाई कोर्ट में होगी। अब कोई अपीलकर्ता कोर्ट में अपील करता है तो।

### 50 लाख में...

कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने भ्रष्टाचार किया है। जमीन अखबार के लिए मिली थी, जिसका बेचान नहीं हो सकता और इन्होंने बेचान कर दिया। 38-38 प्रतिशत शेयर राहुल गांधी और सोनिया गांधी के पास है, बाकी शेयर अन्य के पास है। वास्तव में यह संपत्ति सरकारी या समाचार पत्र के लिए होनी चाहिए। राठौड़ ने कहा कि उन्होंने 50 लाख में करीब 500 करोड़ की संपत्ति हड़पने का काम किया है। इस मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, रॉबर्ट वाड्रा फिलहाल जमानत पर है। वे जांच के बाद जेल जाएंगे। हालांकि इस मामले में मुकदमा हमने (भाजपा) दर्ज नहीं करवाया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ है, वह भी कांग्रेस शासन काल में। इससे भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है।

### अमेरिका में...

राजधानी वॉशिंगटन डीसी समेत सभी राज्यों में प्रदर्शन की बड़ी वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कारोबारी इलॉन मस्क की आक्रामक नीतियां हैं। इलॉन मस्क का दक्षता विभाग लगातार सरकारी विभागों में छंटनी कर रहा है। अब तक हजारों सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा चुका है। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रम्प की अप्रवासियों पर कार्रवाई और दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने की सख्त पॉलिसी भी इन प्रदर्शनों की एक बड़ी वजह है। ट्रम्प के टैरिफ वॉर से अमेरिका में दूसरे देशों से आने वाली चीजों के दाम बढ़े हैं। इसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है।

### जम्मू-कश्मीर...

घर भी मलबे से प्रभावित दिख रहे हैं। एक चश्मदीद ने बताया कि जम्मू से श्रीनगर जाने के दौरान बारिश तेज हो गई तो मैंने रामबन मैं रुक गया। रात करीब 10 बजे मैंने होटल में चेकइन किया। रात करीब 3 बजे शोर-शराबे के बीच मेरी नींद खुली। मैं होटल से नीचे आया तो देखा पानी तेजी से ऊपर की ओर भर रहा था। नीचे का स्टाफ होटल छोड़कर भाग चुका था और हम सारे लोग फंस गए थे। चश्मदीद ने होटल की ओर इशारा करते हुए बताया कि यह होटल तीन मंजिला है। इसकी दो मंजिलें नीचे मलबे में दबी हुई हैं। यह तीसरी मंजिल दिख रही है। करीब 8-10 गाड़ियां नीचे दब गई हैं। मैंने 15 दिन पहले ही नई गाड़ी ली थी, वह भी मलबे में दबी है। उस समय हम 15 लोग ऊपर फंसे थे। होटल का कुछ स्टाफ जो ऊपरी फ्लोर पर था, वह भी फंस गया था। सामने का रास्ता बंद हो गया था। किसी तरह हम सभी ने होटल के पीछे से निकलकर अपनी जान बचाई।

# जयपुर में मशहूर डीजे एलन वॉकर का शो

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** दुनियाभर में अपने यूनिक म्यूजिक और मास्क वाले स्टाइल के लिए मशहूर इंटरनेशनल डीजे और म्यूजिक प्रोड्यूसर एलन वॉकर जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में परफॉर्म कर रहे हैं। जो स्टेज पर अपने अंदाज में ब्लैक मास्क और हुडी पहने नजर आए। गानों की बीट्स जब स्टेज से गूंजीं तो युवा थिरकते नजर आए। एलन को सुनने के लिए मुंबई, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और गुजरात से भी लोग पहुंचे है। ब्रिटिश-नॉर्वेजियन म्यूजिक आर्टिस्ट एलन वॉकर अपने ईडीएम और डांस ट्रैक्स के लिए दुनिया में जाने जाते हैं।

मास्क में परफॉर्म करने की खास वजह : दरअसल, एलन वॉकर अपने सिग्नेचर मास्क और हुडी लुक के लिए भी पहचाने जाते हैं। वह हर परफॉर्मेंस में मास्क पहनकर स्टेज पर आते हैं, जिससे उनकी पहचान एक रहस्यमयी और सिंबोलिक ब्रांडिंग बन गई है। वॉकर का मानना है कि उनकी पहचान सिर्फ चेहरा नहीं, बल्कि उनका संगीत है।

# जयपुर रनर्स सुपर संडे रन में मिला सेहत का मंत्र

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** जयपुर रनर्स क्लब की सुपर संडे वीकली रन सीरीज ने इस रविवार को भी हेल्थ और फिटनेस के नए आयाम छू लिए। क्लब अध्यक्ष प्रवीण तिजारिया, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक शर्मा बागड़ा और वाइस प्रेसिडेंट नितिन गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर आयोजित 4 किमी रन को क्लब के फाउंडर मुकेश मिश्रा और रवि गोयनका ने फ्लैग ऑफ किया। रन के बाद हेल्थ से जुड़े दो बेहद खास सेशन्स भी हुए। इसमें फिट योग गुरु अरविंद सिंह सजवान के नेतृत्व में कपल एक्सरसाइज का सेशन और दूसरा डॉ. ईशा शर्मा द्वारा डाइट टिप्स का मार्गदर्शन खास रहा।

डॉ. ईशा शर्मा के खास डाइट टिप्स देते हुए कहा कि फिटनेस का असली फॉर्मूला दौड़ से पहले शरीर को हल्का, पोषणयुक्त और पचने योग्य फ्यूल देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि केला + नट बटर, भीगे किशमिश, चिया सीड्स के साथ ओट्स, शहद के साथ टोस्ट स्लाइस, दौड़ के दौरान हाइड्रेशन से ही परफॉर्मेंस टिकती है। इसके अलावा नारियल पानी, सेंधा नमक मिला पानी, कुछ खजूर का सेवन करना चाहिए। दौड़ के बाद रिकवरी के रूप में प्रोटीन+ सही पोषण अवशोषण का होना जरूरी है। इसमें अंडे, पनीर, दालें, सिंपल प्रोटीन शेक यूज किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना में 15 मई तक ऑनलाइन आवेदन

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना वर्ष 2025 हेतु विशेष योग्यजन 15 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री लक्ष्मण सिंह ने बताया कि जिले के दिव्यांग छात्र-छात्रा एवं दिव्यांग युवा रोजगार हेतु अपने कार्यस्थल पर जाने के लिए मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना वर्ष 2025 के तहत आवेदन कर सकते हैं। जिले के इच्छुक विशेष योग्यजन जो 40 प्रतिशत या इससे अधिक की चलन निःशक्तता रखते है केवल वे ही विशेष योग्यजन अपने नजदीकी ई-मित्र केन्द्र पर जाकर निर्धारित प्रपत्र में 15 मई 2025 तक आईकन के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

उन्होंने बताया कि आवेदन हेतु मूल निवास प्रमाण पत्र, पेंशन पीपीओ/पेंशन पीपीओ के अभाव में आय प्रमाण पत्र (वार्षिक आय 2 लाख से कम), आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, आयु का प्रमाण पत्र (6 माह से अधिक पुराना मान्य नहीं)/निःशक्तता प्रमाण पत्र/नियमित अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र, रोजगार का प्रमाण पत्र, शपथ पत्र (गत 8 वर्षों में भारत सरकार/राजस्थान सरकार द्वारा संचालित किसी भी योजना में मोट्राईज्ड ट्राई साईकिल/स्कूटी वाहन प्राप्त नहीं करने का शपथ पत्र), ड्राईविंग लाईसेंस, दिव्यांगता प्रदर्शित करते हुए फोटो संलग्न करना आवश्यक है।